समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# मुख्यमंत्री निवास पर बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने की शिष्टाचार भेटं

राजेश चौधरी
Published on 05 Dec 2025



मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता **अक्षय कुमार** ने मुख्यमंत्री **श्री भजनलाल शर्मा** से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और प्रदेश में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अक्षय कुमार ने कहा कि राजस्थान न केवल अपनी समृद्ध परंपराओं के लिए जाना जाता है, बल्कि यहाँ के किले, हवेलियाँ, प्राकृतिक सौंदर्य और लोक-कलाओं में अपार संभावनाएँ छिपी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अभिनेता को राज्य सरकार द्वारा पर्यटन और संस्कृति संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है और देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए कई नई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.